संक्षिप्त

कटारिया 2 जून से मुंबई प्रवास पर

उदयपुर, । पंजाब के राज्यपाल एवं चण्डीगढ़ के प्रशासक गुलाबचंद कटारिया 2 जून से मुंबई, उदयपुर और जोधपुर के प्रवास पर रहेंगे। जारी कार्यक्रम के अनुसार कटारिया 2 जून को सुबह 7.45 बजे रामभवन चण्डीगढ़ से प्रस्थान कर विमान द्वारा मुंबई पहुंचेंगे। वहां स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेंगे। अगले दिन 3 जून को मुंबई से प्रस्थान कर सुबह 11.15 बजे डबोक एयरपोर्ट आएंगे। शाम 4 बजे उदयपुर से जोधपुर के लिए सड़क मार्ग द्वारा प्रस्थान करेंगे। रात 9 बजे जोधपुर पहुंच कर रात्रि विश्राम करेंगे। अगले दिन 4 जून को जोधपुर में स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेकर उदयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। श्री कटारिया शाम 4.30 बजे उदयपुर पहुंचेंगे। इसके पश्चात् शाम 6 बजे भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित पं दीनदयाल उपाध्याय एकात्म मानवदर्शन हीरक जयंती समारोह में भाग लेंगे। अगले दिन 5 जून को कटारिया सुबह 7.50 बजे डबोक एयरपोर्ट से विमान द्वारा चण्डीगढ़ के लिए प्रस्थान करेंगे।

डाक सेवा शिविर 31 को

उदयपुर, । आमजन की सुविधा के लिए प्रधान डाक घर उदयपुर में जिला स्तरीय डाक सेवा शिविर 31 मई 2025 को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक आयोजित होगा। प्रवर डाक अधीक्षक ने बताया कि शिविर में सुकन्या समृद्धि योजना, वरिष्ठ नागरिक बचत योजना, आवर्ती जमा खाता, सावधि जमा खाता, सार्वजनिक भविष्य निधि, इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक सेवाएं तथा आधार नामांकन एवं सुधार सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उक्त योजनाओं का लाभ लेने के इच्छुक नागरिक शिविर के दौरान आवश्यक दस्तावेज यथा पहचान पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड आदि साथ लेकर प्रधान डाक घर में संपर्क कर सकते हैं।

अवैध गांजे सहित एक गिरफ्तार

उदयपुर, । घासा थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान मकान के बाडे पर दबीश देकर अवैध गाजे से भरा कट्टा बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, सहायक पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार के सुपरविजन में घासा थानाधिकारी प्रवीणसिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में गठित दल ने मुखबीर सेमिली सूचना के आधार पर मुकेश पुत्र रामलाल निवासी गन्दौली घासा के बाडे में दबीश देकर 4 किलों 122 ग्राम अवैध गांजा जब्त कर आरोपी को पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया।

बाइक सवार युवक की मौत

उदयपुर, । शहर के गोवर्धन विलास हाइवे पर कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गोवर्धन विलास थाना क्षैत्र वलिचा उदयपुर अहमदाबार हाइवे पर कार की टक्कर से बाइक चालक सचिन (21) पुत्र सुरेश मीणा निवासी भूदर खेरवाड़ा गंभीर घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय पहुंचाया।जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सचिन सांय बाइक पर गांव से शहर आ रहा था एवं पिछे अन्य बाइक पर उसके मित्र आ रहे थे। जहां बीच रासते हादसा हो गया। सूचना मिलने पर गोवर्धन विलास थाना एएसआई देवेन्द्रपुरी ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

बागड़े आज से उदयपुर संभाग प्रवास से

उदयपुर, । प्रदेश के राज्यपाल हरिभाउ किसनराव बागड़े 27 मई से उदयपुर संभाग के 3 दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। जिला कलक्टर ने बताया कि राज्यपाल बागडे 27 मई को सुबह 10 बजे हेलीकॉप्टर से सलूम्बर पहुंचेंगे। वहां कलक्ट्रेट सभागार में सलूम्बर जिले के जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेंगे। इसके पश्चात् सडक मार्ग से डूंगरपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। राज्यपाल शाम 4 बजे कलक्ट्रेट डूंगरपुर में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेंगे। रात्रि विश्राम डूंगरपुर सर्किट हाउस में करेंगे। अगले दिन 28 मई को सुबह डूंगरपुर से प्रस्थान कर दोपहर 12 बजे उदयपुर सर्किट हाउस पहुंचेंगे। शाम 5.55 बजे प्रताप गौरव केंद्र पहुंच कर वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। बागडे का रात्रि विश्राम सर्किट हाउस उदयपुर में रहेगा। अगले दिन 29 मई को सुबह 9.45 बजे वर्धमान महावीर खुला विवि कोटा की ओर से होटल रेडिसन ब्लू में प्रस्तावित कार्यक्रम में भाग लेंगे।

तीन हजार करोड़ के आरोपी ड्रग रैकेट को नौ साल बाद सुनाई सजा

- 6 आरोपियों को 20-20 साल और एक को 10 साल की सजा, विदेशों तक होती ड्रग सप्लाई

उदयपुर, (का.स.)। शहर के बहुचर्चित 3 हजार करोड के मेंड्रेस ड्रग्स मामले में सोमवार को न्यायालय ने सातों दोषियों को सजा सुनाई है। एनडीपीएस एडीजे 1 कोर्ट के पीठासीन अधिकारी न्यायाधीश मनीष वैष्णव ने रवि दूदानी, परमेश्वर व्यास, अनिल मलकानी, संजय आर पटेल, निर्मल दूदानी और गुंजन दूदानी को 20-20 साल की सजा सुनाई साथ ही इन सभी को दो-दो लाख रूपए का आर्थिक जुर्माना भी लगाया है जबकि अतुल म्हात्रे को 10 साल की सजा सुनाई गई साथ ही एक लाख रूपए का आर्थिक दंड लगाया गया। मामले में कुल 8 आरोपी थे। इनमें से मुख्य आरोपी सुभाष दुदानी की तीन साल पहले मौत हो चुकी है। विशिष्ठ लोक अभियोजक प्रवीण खंडेलवाल, राजेश वसीटा और और विशिष्ट लोक अभियोजक एसपी शर्मा ने मामले में पैरवी की। इस केस को अंजाम तक पहुंचाने में अभियोजन पक्ष ने 50 गवाह,1500 आर्टिकल और 1000 दस्तावेज कोर्ट में पेश किए। अधिवक्ता ने बताया कि 28 अक्टूबर 2016 में उदयपुर के कलड़वास स्थित फैक्ट्री पर डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलीजेंस की टीम ने छापा मारा था। इस कार्रवाई में डीआरआई की टीम ने 23.5 मैट्रिक टन (23500 किलो) मैथाकुनोल टेबलेट (एमडी ड्रग्स टेबलेट) का भंडार जब्त किया था। मामले में डीआरआई ने 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान पेश किया था। इनमें मुख्य आरोपी सुभाष दूदानी की मौत हो चुकी है जबकि आज 7 आरोपियों को न्यायालय ने सजा सुनाई है। अधिवक्ता ने बताया कि डीआरआई की टीम ने जांच में पाया कि आरोपियों का ड्रग्स रैकेट इंटरनेशनल लेवर तक फैल चुका था। इन्होंने एक बार इंडोनेशिया तक ड्रग्स की खेप पहुंचायी थी दूसरी बार भेजने की तैयारी थी तब डीआरआई को मुखबीर से सूचना मिली और यह कार्रवाई हुई।सुभाष दूदानी उस समय बॉलीवुड में प्रोड्यूसर था, जबकि एक आरोपी इंजीनियर और एक आरोपी प्रोफेशन से चार्टर्ड अकाउंटेंट था। आरोपी सोसायटी में व्हाईट कॉलर थे और किसी ने नहीं सोचा था कि ये सभी मिलकर ड्रग्स का इतना बड़ा रैकेट चला रहे थे। सुभाष दूदानी ने इस धंधे में बेटे गुंजन दूदानी,भाई-भतीजा रवि दूदानी और निर्मल दूदानी को तक शामिल कर लिया था। बता दे कि अतुल म्हात्रे गंभीर बिमारी से पीडि़त है। कुल सात दोषियों में से रवि दूदानी और परमेश्वर व्यास 9 साल तक सेंट्रल जेल में बंद थे। बाकी पांच आरोपी जमानत पर बाहर थे। जिन्हें अब सजा सुनाई गई।

उल्लेखनीय है कि डायरेक्ट्रेट आफ रेवेन्यू इंटेलीजेंस (डीआरआई) की टीम को मुंबई में इनपुट मिला था। जिसके आधार पर 28 अक्टूबर 2016 में उदयपुर के कलड़वास स्थित फैक्ट्री पर छापा मारा गया था। यहां से 23 हजार 500 किलो एमडी ड्रग्स बरामद की गई थी। उस समय इसकी कीमत 3000 करोड़ रुपए से ज्यादा आंकी गई थी। इसके बाद टीम ने गुडली और राजसमंद के धोइंदा में भी छापेमारी की थी।

जानकारी अनुसार आरोपी यह पूरा रैकेट मुंबई से चला रहा थे। इन्होंने उदयपुर के कलड़वास स्थित एक फैक्ट्री को एमडी ड्रग्स का गोदाम बनाया हुआ था। जबकि राजसमंद के धोइंदा में इसे बनाया जा रहा था। गिरोह इस ड्रग्स की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर साउथ अफ्रीका और इंडोनेशिया तक सप्लाई करता था। इस प्रकरण के फैसले को ले कर सोमवार को एनडीपीएस एडीजे 1 कोर्ट में अधिवक्ताओं का जमावडा लगा रहा। दोपहर 12:30 के बाद जब ड्रग्स मामले के सभी दोषियों को कोर्ट में पेश किया तो वहां पर कई अधिवक्ता मौजूद रहे। खास बात यह है कि सभी की नजर इस केस पर बनी हुई थी और सभी को सजा का इंतजार था। ऐसे में सोमवार को सजा सुनाने से पहले कोर्ट के बाहर अधिवक्ताओं का जमावडा लग गया।

ठगी के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

उदयपुर, । शहर के हिरणमगरी थाना पुलिस ने 129.72 करोड़ की ऑनलाईन ठगी के मामले में खाते उपलब्ध कराने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया। अब तक पुलिस चौथे आरोपी को गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस मुख्यालय के द्वारा चलाये जा रहे साईबर संबंधी अपराधों की रोकथाम के संबंध में जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर शहर में चलाए जा रहे अभियान के दौरान डीएसटी टीम प्रभारी श्यामसिंह रत्नू टीम को सबसिटी सेंटर हिरणमगरी में तीन जवान लडके कार में बैठे होकर दूसरे व्यक्तियों से बैंक खाता लेकर उन खातों में राशि का अवैध लेन देन देन कर रहे है। इस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक छगनपुरोहित के सुपरविजन में डीएसटी टीम प्रभारी श्यामसिंह रत्नू, हिरणमगरी ाानाधिकारी भरत योगी मय टीम ने मौकेप र पहुंच कर हर्षवर्धन झा पुत्र राजेश झा, जयेश कुमार खटीक पुत्र सुरेश चन्द्र खटीक एवं तुफानसिंह पुत्र बन्नेसिंह कोगिरफ्तार कर इनके कब्जे से 10 माबाईल, 2 लेपटॉप, 7 कंपनियों के मोबाईल, 10 एटीएम, चैक बुक बैंक डायरी, सहित अन्य सामान व वादात में प्रयुक्त कार बरामद कर पूछताछ की।

कुशलामाता जन्मोत्सव पर कार्यक्रम 1 जून को

चित्तौडगढ,। हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी श्री लखारा समाज मेवाड़ चौखला रानीखेडा विकास सेवा संस्थान द्वारा श्री चैनामाता श्री कुशलामाता के 30वें जन्मोत्सव पर दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है।

मीडिया प्रभारी सत्यनारायण लखारा ने बताया कि श्री चैनामाता कुशलामाता के 30 वें जन्मोत्सव पर 1 व 2 जून को निम्बाहेडा के रानीखेडा गांव में भव्य कार्यक्रम आयोजित होंगे। ये आयोजन रानीखेडा मण्डल के अध्यक्ष चान्दमल निम्बाहेडा, वरि. उपाध्यक्ष जानकीलाल, उपाध्यक्ष सोहनलाल आवरीमाता, सुरेश चन्द्र बोहेडा, महामंत्री भगवतीलाल बानसेन, कोषाध्यक्ष भगवतीलाल आवरीमाता व उत्सव संस्थान के अध्यक्ष शिवशंकर (शेरू)चिकारडा, उपाध्यक्ष शिवलाल कन्नोज, अशोककुमार बानसेन, महामंत्री मनोजकुमार कानोड बोहेडा , कोषाध्यक्ष रोशनलाल, पन्नालाल बिनोता, वरिष्ठ कार्यकर्ता विजयकुमार कन्नौज, महेन्द्र कुमार भीण्डर आदि के सानिध्य में आयोजित होगा। उत्सव की पत्रिका कारानीखेडा में चैनामाता कुशलामाता मन्दिर में समाज बंधुओं ने विमोचन किया । कार्यक्रम के दौरान रविवार एक जून को मां भगवती जागरण व विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा जिसमें पूज्य विनोद यति महाराज चित्तौडगढ, भजन सम्राट (जूनियर लखबीरसिंह लक्खा) शंकर लक्खा, सिंगर महावीर दास, विधि शर्मा, नीलू, डीजे स्टार नरेन्द्र रावल अपनी प्रस्तुतियाँ देगें। सोमवार दो जून को प्रात: साढे 6 बजे हवन, प्रात:साढे 8 बजे बोलिया व अतिथियों के सम्मान सहित कक्षा 5 से 12 तक श्रेष्ठ रहे प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जायेगा। पूर्व अध्यक्ष स्व. श्री चम्पा लाल बोहेडा एवं संरक्षक एवं रानी खेडा मंडल पूर्व अध्यक्ष रतनलाल कानोड को बेस्ट अध्यक्ष अवार्ड से नवाजा जाएगा। प्रात:साढे 10ः बजे शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद महाप्रसादी का आयोजन होगा।

नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों का पंजीकरण शुरू

उदयपुर, । आपदा की स्थिति में त्वरित राहत एवं बचाव कार्यों को सुदृढ बनाने के उद्देश्य से नागरिक सुरक्षा विभाग, उदयपुर द्वारा स्वयंसेवकों का पंजीकरण शुरू कर दिया गया है। यह पंजीकरण 26 मई से 4 जून तक किया जाएगा।

उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रशासन दीपेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि विभाग ने नगर निगम क्षेत्र उदयपुर और सलूम्बर (जिला सलूम्बर) के ऐसे सेवाभावी, स्वैच्छिक एवं अवैतनिक नागरिकों से जुड़ने की अपील की है, जो आपदा के समय पीड़ितों की सहायता के लिए तत्पर रहते हैं। एडीएम राठौड़ ने बताया कि पंजीकरण के इच्छुक अभ्यर्थी वे नागरिक हो सकते हैं जो 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के हों, शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ हों तथा समाज सेवा के लिए समर्पित हों। पंजीकरण के लिए कार्यालय नियंत्रक (जिला कलक्टर) नागरिक सुरक्षा, फतेहपुरा-पुला तथा सलूम्बर के निवासियों हेतु सहायता अनुभाग, कमरा संख्या 111, जिला कलक्ट्रेट परिसर, सलूम्बर संपर्क किया जा सकता है। नागरिक सुरक्षा विभाग के अनुसार, स्वयंसेवकों के चयन में इंजीनियर, डॉक्टर, भारी वाहन चालक, गोताखोर/तैराक, इलेक्ट्रीशियन, कंप्यूटर विशेषज्ञ, एन.सी.सी. कैडेट्स, स्काउट्स और भूतपूर्व सैनिकों जैसे विशेष योग्यताधारी नागरिकों को प्राथमिकता दी जाएगी। विभाग ने सेवाभावी नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे इस जनकल्याणकारी मुहिम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं। अधिक जानकारी के लिए उपरोक्त कार्यालयों में कार्यालय समय में संपर्क किया जा सकता है।

औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध राजस्थान सरकार

- आठ नई औद्योगिक संवर्द्धन नीतियां लागू

उदयपुर । उद्योग एवं वाणिज्य विभाग की ओर से विभिन्न सैक्टर्स में निवेश और रोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सोमवार को चेम्बर आफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज उदयपुर के पीपी सिंघल ऑडिटोरियम में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। जिला उद्योग केंद्र के तत्वावधान में आयोजित कार्यशाला में रीको, सिडबी, एवं समस्त बैंक, औद्योगिक संघ, पर्यटन एसोसिएशन, सी.ए. एसोसएिशन आदि से लगभग 225 उद्यमियों एवं प्रतिभागियों ने भाग लिया।

कार्यशाला में जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र के महाप्रबंधक शैलेन्द्र शर्मा ने राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना-2024, राजस्थान एमएसएमई पॉलिसी-2024, राजस्थान ओडीओपी पॉलिसी-2024, सहायक आयुक्त देवयानी डोडिया ने एकीकृत क्लस्टर डवलपमेंट योजना, राजस्थान एक्सपोर्ट प्रमोशन पॉलिसी-2024 एवं जिला उद्योग एवं वाणिज्य अधिकारी चोखाराम ने राजस्थान लोजिस्टिक्स पॉलिसी-2025, राजस्थान टैक्सटाइल एण्ड अपेरल पॉलिसी-2025, राजस्थान डेटा सेंटर पॉलिसी-2025, के संबंध में उद्यमियों और निवेशको को पीपीटी प्रजेंटेशन के माध्यम से विस्तार से अवगत कराया। निवेशकों के प्रश्नों के उत्तर एवं शंका समाधान किया गया।

कार्यशाला में रीको के वरि. उप महाप्रबंधक ने रीको के नए औद्योगिक क्षेत्रों में ई-ऑक्शन द्वारा औद्योगिक प्लॉट एवं नॉन औद्योगिक प्लॉट नर्सिंग होम/होटल एवं वाणिज्यिक गतिविधियों हेतु आवंटित किए जाने बाबत् अवगत कराया। वाणिज्यिक भूखण्डों में कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, मॉल, होटल, सिनेमा, मल्टीप्लेक्स, वेयर हाउसिंग, पेंट्रोल पंप, वे-ब्रिज आदि कार्य किए जा सकते हैं। कार्यशाला में रीको के वरि उपमहाप्रबंधक अजय पण्डया, पर्यटन विभाग के उप निदेशक शिखा सक्सेना, यूसीसीआई अध्यक्ष एम.एल. लुणावत, लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष राजेन्द्र सुराणा, उदयपुर मार्बल प्रोसेसर्स समिति के अध्यक्ष कपिल सुराणा, एसएसआई एसोसिएशन के अध्यक्ष वाई.एस. सिंघवी, होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष सुदर्शन देव सिंह कारोही उपस्थित रहे। जीएम डीआईसी शर्मा ने उपस्थित सभी उद्यमियो को राज्य सरकार द्वारा जारी की गई नीतियों का लाभ लेकर राष्ट्र निर्माण में स्वयं का उद्योग लगाकार भागीदारी देने हेतु प्रेरित किया।

उदयपुर में कोरोना वायरस की वापसी मिले दो रोगी

उदयपुर, (का.स.)। उदयपुर में में भी कोरोना की वापसी हो गई है। बीते दिन यहाँ कोरोना के दो मरीज सामने आए हैं। इनमें से एक ग्रामीण क्षेत्र से जबकि एक मरीज शहरी क्षेत्र से संबंधित है।

जानकारी के अनुसार एक मरीज को लेकर एम .बी.अस्पताल के अधीक्षक डॉ. आरएल.सुमन ने पुष्टि की है। जबकि दूसरे मरीज की पुष्टि मेडिकल कॉलेज की लैब से जयपुर भेजी गई रिपोर्ट के आधार पर हुई है। दोनों ही मरीज फिलहाल अपने.अपने घरों पर क्वारंटाइन हैं और उपचार ले रहे हैं।

सूत्रों के अनुसार जो दो मरीज कोरोना पॉजीटिव आए हैं,उनमें एक मावली क्षेत्र का है। इस बाबत डॉ. सुमन के अनुसार मावली में आठ दिन पहले कोविड पॉजीटिव मरीज सामने आया था। फिलहाल घर पर क्वारंटाइन होकर उपचार ले रहा है। जबकि दूसरा मरीज उदयपुर शहर का बताया जा रहा है। जिसने जुकाम और बुखार होने पर मेडिकल कॉलेज की लैब में स्वयं की जांच कराई थी।

IN THE HIGH COURT OF JUDICATURE FOR RAJASTHAN AT JODHPUR
S.B/D.B. CIVIL WRIT PETITION NO./2024

Any Persons V/S State of Rajasthan & Ors.
Application under Rule 159 of Rajasthan High Court Rule for entering into caveat.

T0,
Hon' ble the Chief Justice and his Lordships Other companion judges of this High Court, at Jodhpur
MAY IT PLEASE YOUR LORDSHIPS,
That the caveators humbly submit as:-
1.That applicant wants to enter into a general caveat under rule 159 of the Rajasthan High Court Rules and prays let nothing be done till the applicants is heard in the matter.
2. That the writ petition is to be filed by **Any persons.**
3.The writ is likely to be filed, being aggrieved from:
A. Notification dated 13.02.2025 bearing **क्रमांक: एफ 10 () चुनाव/ जन/स्वशा./2024/1624** issued by the Secretary and Commissioner, Department of Local Self Government, Rajasthan;
B. Pro-forma , **क, ख, ग** issued by the Municipal Council, Rajsamand.
C. Appendix A issued by the District Collector, Rajsamand.
4.That the writ is likely to be filed against:
I.State of Rajasthan through its Secretary, Local Self Department, Government of Rajasthan, Secretariat, Jaipur (Raj.) .
II. The Director and Joint Secretary, Department of Local Bodies, Government of Rajasthan, Jaipur (Raj.).
III. The Commissioner, Municipal Council, Rajsamand, Rajasthan.
5.That the writ which is to be filed will be S.B./D.B. Civil writ Petition.
6. That the Vakalatnama of Shri Brijesh Rai S/o Shri C.K. Rai, working as Commissioner, Municipal Council, Rajsamand, is submitted here with.
It is there fore humbly prayed that nothing be done in the case till the applicant is heard,

Jodhpur **HUMBLE APPLICANT THROUGH (AYUSH GEHLOT)**
ASST. TO ADDL. ADVOCATE GENERAL FOR, RAJESH PANWAR, SR. ADVOCATE, ADDL. ADVOCATE GENERAL

उदयपुर के लोगों में भय तीन आरोपी गिरफ्तार

उदयपुर, । शहर के सुखेर थाना पुलिस ने साईबर ठगी करने वालों को किराये पर बैंक खाते उपलब्ध कराने के मामले में गैंग के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार 14 नवंबर 2024 को कैलाशचन्द्र डांगी पुत्र मोतीलाल निवासी महाराज खेडी डबोक ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी। कि मेरी देवराज एंटरप्राईजेट नाम से फर्म है जो कंस्ट्रक्शन एवं बिल्डींग मटेरियल सप्लाई का काम करती हैं अप्रेल 24 में कालु डांगी निवासी बनोड़ा सलुम्बर ने संपर्क किया और दुबाई त्तथा अरब देशोंमें अच्छा संपर्क होने की बात कही।

वहां पर काम करेंगे तो लाभ होगा। इस पर मैने उसे सहमती दे दी। इसके बाद कालुलाल ने तितरड़ी निवासी हिमांशु से संपर्क करवाया तथा उसने अहमदाबाद निवासी गौरव तेली से बात करवाई। इस दौरान गौरव ने दुबई में ऑफिस होने तथा 40-50 जगह कंस्ट्रक्शन का काम चलने की जानकारी देते हुए हमारे साथ काम करने पर अच्छा लाभ मिलने कीबात कही। इस पर मेरी फर्म के खातों की डिटेल उन्हें दे दी। इस पर करीब 10 दिन में 6 करोड़ रूपये का ट्रांजेक्शन हो गया। मैने एतराज किया तो टालम टोल करना शुरू कर धमकाना शुरू कर दिया। 23 मई 25 को मेरे पुत्र के उपचार के लिए रूपयों की आवश्यकता होने के कारण मैने अपने खातें से 5 लाख रूपये निकाले तथा अपने भाईहिरालाल को संभाने के लिए दे दिए। उस दौरान कालूलाल साथ था। कुछ ही समय बाद कार लेकर आए बदमाश मेरे भाई से नकदी छिन ले गए।

हमला करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

उदयपुर, ।शहर के बडगांव थाना पुलिस ने शराब के सेल्समैन पर प्राणघातक हमला करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

प्रकरण के अनुसार 9अप्रेज को साईफन चौराहा पर स्थित शराब के ठेके के सेल्समैन पर दोबदमाशों द्वासरा शराबलेने कीबात को लेकर चाकू से जानलेवा हमला किया था। इस मामले में प्रकरण दर्जहोने पर जिला पुलिस अधीक्षाक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उपाधीक्षक कैलाश चन्द्र बोरीवाल के सुपरविजन में बडगांव थानाधिकारी पूरण सिंह ने मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर आरोपी प्रिंस सिंह उर्फ रॉकी पुत्र ईश्वरसिंह निवासी सागर अपार्टमेंट के सामने देवाली अंबामाता हॉल घणोली डबोक को व माहित पुत्र फतहलाल निवासी मोती चोहट्टा थाना घंटाघर हाल नाजुश्रीवाटिका के पास सहेली नगर अम्बामाता को गिरफ्तार किया।

कार्यालय नगर पालिका नाथद्वारा जिला राजसमन्द (राज.)
Email : np_ntd@yahoo.in Phone : 02953-233526
क्रमांक/न.पा.नाथ/नामा./2025/2412 दिनांक : 22/5/2025

-:आपत्ती सूचना:-

एतर्थ द्वारासर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर भूखण्डों का नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो सात दिवस (कार्य दिवस) में नगर पालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

क्र. सं.	आवेदक का नाम व पता	आवेदित सम्पत्ति का पता	पडौस का विवरण			
			पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण
1	श्रीमती साईस्ता पत्नि इमरान हुसैन, गिरिराजपुरा, नाथद्वारा	भुखण्ड संख्या-13 क्षेत्रफल -1350 वर्गफिट, गिरिराज दर्शन गिरिराजपुरा, नाथद्वारा	30 फीट रोड	भूखण्ड संख्या -25	भूखण्ड संख्या -12	भूखण्ड संख्या -14

आयुक्त, नगर पालिका नाथद्वारा

मानसून में सड़कों पर नहीं भरे पानी

उदयपुर, । मानसून के दौरान बरसात से शहर के कई स्थानों पर पानी भर जाता है जिसका प्रमुख कारण शहर के छोटे एवं बड़े नालों का साफ नहीं होना है। प्रतिवर्ष जल भराव के कारण शहर वासियों को कई तरह से समस्या होती है। नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश द्वारा इस वर्ष संपूर्ण नालों को साफ करवाने का अभियान चलाया गया है जिसकी आयुक्त प्रतिदिन स्वयं समीक्षा बैठक ले रहे हैं। नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश ने बताया कि मानसून के दौरान होने वाली बारिश में कई बार शहर के कई इलाके जलमग्न हो जाते हैं, लेकिन इस बार शहर के सभी छोटे एवं बड़े नालों की समुचित सफाई व्यवस्था करवा कर जल भराव नहीं हो ऐसा प्रयास किया जा रहा है। इसको लेकर स्वास्थ्य अधिकारी सत्यनारायण शर्मा, अधिशासी अभियंता यांत्रिक लखन लाल बेरवा को सख्त हिदायत दी गई है। हर परिस्थिति में मानसून के पहले शहर का हर नाला साफ होना चाहिए।

गाइडलाइन को तत्काल प्रत्याहरित करने की मांग

उदयपुर, । राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत के प्रदेश उपाध्यक्ष भारत भूषण जोशी, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष राव गोपाल सिंह आसोलिया ने आज मुख्यमंत्री को ज्ञापन मेल कर पेंशनधारियों के लिये नई लागू की गई आरजीएचएस की गाइडलाइन को तत्काल प्रत्याहरित करने की माँग की हैं। जोशी ने बताया की चिकित्सा विभाग ने गाइडलाइन में निर्देशित किया हैं की आरजीएचएस के रोगियों को दवाईयां विशेषज्ञ चिकित्सक के द्वारा लिखने पर ही दी जाय। गावों, कस्बों और ब्लॉक तक में गंभीर बीमारियों यथा कैंसर, हृदय, शुगर, अंग विफलता, टीबी के, चिकित्सक उपलब्ध ही नहीं है। सवाल यह उठता है की इन बीमारियों से शारीरिक व मानसिक रूप से संघर्ष कर रहे पेंशनधारी जिनका स्वयं खडे हो पाना संभव नहीं है वह हर महीने पर्ची बनवाने जिला स्तर पर जा पायेगा या, अपनी जिंदगी की जंग सरकार के नये नियमों से हार जायेगा। अत: एकीकृत द्वारा पुरजोर मांग की जाती हैं।

उदयपुर में हुआ इंस्पायर अवॉर्ड प्रदर्शनी का आगाज

- राज्य के 320 विद्यार्थी कर रहे सहभागिता

उदयपुर, (का.स.)। उदयपुर में सोमवार से इंस्पायर अवॉर्ड मानद प्रदर्शनी का आगाज हुआ। केंद्र सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से राज्य के अलग अलग जिलों में आयोजित की गई इंस्पायर अवॉर्ड मानद प्रदर्शनी में चुने गए टॉप 320 विद्यार्थी इस प्रदर्शनी में भाग ले रहे है और उन्होंने अपने मॉडल यहां प्रदर्शित किए।इनमें से 32 को राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चुना जाएगा।

बच्चों ने एक से बढ़कर मॉडल बनाए। इसमें एक मॉडल में चोरी से पहले चोरों के सीसीसीवी के वायर काटने पर जोड़े गए नंबर पर कॉल चला जायेगा ऐसा मॉडल बनाया। सवाई माधोपुर के बामनवास ब्लॉक के स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल की छात्रा रानी सोलंकी ने चोरी करने वाले चोर जब सीसीटीवी के वायर कट कर देते है ऐसे में वायर कट को लेकर भी अलर्ट मिलेगा इसका मॉडल बनाया। रानी ने बताया कि जैसे चोर वायर को नुकसान पहुंचाएंगे तो पांच लोगों के पास पहले तो अलर्ट जाएगा और इसके बाद उनके पास कॉल भी जाएगा। छात्रा ने बताया कि ये पांच नंबर उसकी सेंटिंग में सेव किए गए है। उदयपुर शहर के सूरजपोल स्थित एमएम शरण पब्लिक स्कूल में 28 मई तक चलने वाली इस प्रदर्शनी का शुभारंभ उदयपुर शहर के विधायक ताराचंद जैन ने किया। इस प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 12 के उदयपुर जिले से इसमें 20 बच्चे और उदयपुर संभाग से 63 बच्चे शामिल हुए है। इसके अलावा राजस्थान के अलग अलग जिलों के बच्चे इसमें शामिल हुए है। छात्र छात्राओं ने स्थानीय समस्याओं के समाधान,वैज्ञानिक और तकनीकी नवाचार,सामाजिक और पर्यावरणीय मुद्दे,रोजमर्रा की जिंदगी की समस्याओं के समाधान के साथ स्वच्छ भारत, डिजिटल इंडिया आदि राष्ट्रीय अभियानों से जुड़े विषयों पर मॉडल बनाए हैं कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी लोकेश भारती,अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी मुरलीधर चौबीसा,सह प्रभारी प्रत्यूष जैन सहित आदि ने विधायक और महंत का स्वागत किया।

आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का मामला दर्ज

उदयपुर,। शादी के एक माह बाद विवाहिता ने आत्महत्या कर ली। इस पर पति ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। पुलिस से प्रात जानकारी के अनुसार पीडित गोवर्धन सिंह पुत्र देवीसिंह राजपूत निवासी बिलडिया ओगणा ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ पत्नी अम्बा कुंवर उर्फ नर्बदा (23) को आत्महत्या करने के लिए प्रेरित करने का मामला ओगणा पुलिस थाने में दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि एक माह पूर्व मेरा विवाह पडावली ओगणा निवासी अम्बा कुंवर उर्फ नर्वदा कुंवर के साथ हुआ था। जिसने 12 मई को पीहर में विषाक्त वस्तु का सेवन कर लिया था। जिससे उसकी मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप कर जांच एसडीएम गोगुन्दा ने शुरू की थी।

राजस्थान सरकार

कार्यालय राजकीय उप जिला चिकित्सालय भीम, जिला-राजसमंद

pmosdhbhim@gmail.Com (Office Phone No) 02951294415

क्रमांक:-प्र.चि.अ/लेखा/आरएमआरएस/निविदा/2025-26/472 दिनांक : 26.05.2025

निविदा आमंत्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राज.उप जिला चिकित्सालय भीम (राजसमन्द) पर वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु पंजीकृत अनुभवी फर्म/सेवा प्रदाता